# हर विधानसभा क्षेत्र को मिलेगा विकास कार्यों में समुचित स्थान, कोई क्षेत्र नहीं रहेगा अछूता : मुख्यमंत्री



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, नोएडा :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक निर्माण विभाग की मेरठ मंडल की वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना में जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च महत्व देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांसद एवं विधायक अपने-अपने लोकसभा तथा विधानसभा क्षेत्रों की विकास आवश्यकताओं के अनुरूप प्रस्तावों का प्राथमिकता क्रम निर्धारित करें, ताकि जनहित की परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देकर समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित किया जा सके। अब तक मेरठ मंडल में 6568.36 करोड़ रुपये की लागत की कुल 1284 विकास परियोजनाएं चिन्हित की जा चुकी हैं।

गौतमबुद्धनगर में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने मेरठ मंडल के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विकास कार्यों के प्रस्ताव ऐसे क्षेत्रों के लिए तैयार किए जाएं, जहां इस प्रकार के कार्य पूर्व में नहीं हुए हैं, ताकि विकास का लाभ नए क्षेत्रों तक पहुंचे तथा उपलब्ध संसाधनों का संतुलित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विकास प्रस्तावों को कार्ययोजना में समुचित स्थान दिया जाए। कोई भी विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों से वंचित न रहे तथा संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी स्वीकृत परियोजना का कोई अवशेष कार्य शेष है, तो उसे भी कार्ययोजना में सम्मिलित कर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि जनता को उसका लाभ समय पर मिल सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि धर्मार्थ कार्यों से संबंधित प्रस्ताव ऐसे स्थलों के लिए तैयार किए जाएं, जहां श्रद्धालुओं की संख्या अधिक हो तथा निर्माण कार्यों के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो। ऐसे प्रस्ताव स्थानीय आवश्यकता एवं जनसुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी कार्ययोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे विकास परियोजनाओं का क्रियान्वयन बिना किसी अनावश्यक विलंब के प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए जनप्रतिनिधियों के सुझावों एवं स्थानीय आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री के. पी. मलिक , पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कुमार कश्यप , सैनिक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सोमेंद्र तोमर, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री एवं गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक, मेरठ मंडल के सांसदगण, विधायकगण, मंडलायुक्त मेरठ भानु चंद्र गोस्वामी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा कृष्णा करुणेश, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम सहित शासन, प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण 30 जून को

**आगरा ।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम 30 जून को होगा,इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री महाराष्ट्र प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे द्य

आगरा में 30 जून को लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती के अवसर पर कस्बा एत्मादपुर के मॉडल स्कूल ग्राउंड पर उनकी प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक केंद्रीय मंत्री/ सांसद आगरा एसपी सिंह बघेल ने बताया कि इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रतिमा का अनावरण महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा किया जाएगा और और विशिष्ट अतिथि के तौर पर महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष श्रीराम शिंदे प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर किसी जाति विशेष की धरोहर नहीं है बल्कि भारतीय समाज की एक साझा विरासत है।

## लखनऊ के कोल्ड स्टोरेज में लगी आग, बुझाने का प्रयास जारी



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में बने एक कोल्डस्टोरेज में आग लग गई। इस आग को बुझाने का प्रयास कई घंटों से किया जा रहा हैं । आग का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इसे बुझाने के दमकल विभाग की करीब 15 गाड़िया और एक। हाइड्रोलिक मशीन लगी हुई हैं।

रविवार सुबह हिमालयन कोल्ड स्टोरेज चिनहट थाना क्षेत्र के लखनऊ अयोध्या हाइवे के बना हुआ है। इसमें हल्दी, मिर्च समेत जनरल स्टोर का सामान रखा जाता हैं। आज सुबह कोल्ड स्टोरेज में आग और धुआं देखकर गार्डों ने मालिक राहुल गुप्ता और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की 15 गाड़ियों ने आग को बुझाना पड़ा।

लोगों के घर और दयाल रेजिडेंसी कालोनियां दूर होने के कारण किसी भी प्रकार की कोई जनहानि की खबर नहीं है। लेकिन आग इतनी भयंकर लगी होने के कारण सुरक्षा के तौर पर लोगों का यहां से हटा दिया गया है। आग बुझाने की प्रक्रिया कई घंटों से चल रही हैं। पानी की कमी होने पर आसपास के होटलों से पानी लिया जा रहा है। अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया हैं।

# जौनपुर में फर्नीचर शोरूम में भीषण आग, 14 से अधिक दमकल गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, जौनपुर :** यूपी के जौनपुर में शहर कोतवाली क्षेत्र के जोगियापुर मोहल्ले स्थित प्रेम गाढ़ा भंडार में शनिवार शाम भीषण आग लगने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते शोरूम के दूसरे और तीसरे तल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई ।शुरुआत में शोरूम से केवल धुएं का घना गुबार उठता दिखाई दिया।

सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन टीनशेड और प्लाईवुड की संरचना के कारण पानी आग तक नहीं पहुंच पा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने क्रेन मंगवाई। टीनशेड हटाए जाने के बाद आग की तेज लपटें बाहर निकलने लगीं, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने बड़े स्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया ।आग की भयावहता को देखते हुए जनपद की सभी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के साथ वाराणसी से भी दो फायर टेंडर बुलाए गए। कुल 14 से अधिक दमकल वाहनों और पूरे जिले के फायरमैन की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद देर रात आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया ।घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुश श्रीवास्तव, सहायक पुलिस अधीक्षक गोल्डी गुप्ता, अपर जिलाधिकारी भू राजस्व अजय अंबष्ट समेत प्रशासनिक और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी की। गनीमत रही कि इस भीषण अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि शोरूम में रखा लाखों रुपये मूल्य का फर्नीचर, प्लास्टिक की कुर्सियां, फोम के गद्दे और अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया ।मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज प्रकाश राय ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही करीब 10 मिनट में पहली फायर टीम मौके पर पहुंच गई थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि शोरूम में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री रखी थी, जिससे आग तेजी से फैल गई। संकरी सीढ़ियां, प्लाईवुड की छत और भवन के चारों ओर पर्याप्त रास्ता न होने के कारण आग बुझाने में काफी समय लगा। नुकसान का सही आकलन दुकान स्वामी द्वारा जानकारी देने के बाद ही हो सकेगा ।वहीं, दुकान मालिक राघवेंद्र कुमार ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। उन्होंने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। उनका आरोप है कि दिनभर बिजली की लगातार ट्रिपिंग और वोल्टेज फ्लक्चुएशन हो रहा था, जिसकी वजह से हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि प्रशासन और फायर ब्रिगेड ने पूरी तत्परता से राहत कार्य किया, जिससे सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल सके, लेकिन कारोबार को भारी नुकसान पहुंचा है ।फिलहाल पुलिस और अग्निशमन विभाग आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच में जुटे हैं।

## जिलाधिकारी ने बच्चे को जिंदगी की दो बूंद पिला कर की पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत



**फर्रुखाबाद ।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पोलियो की खुराक भी पिलाई। उन्होंने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर पोलियो की दो बूंद पिलाना है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाने और अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने पर जोर दिया।

## यमुना तट पर चला 'जीवनधारा पौधारोपण अभियान', पर्यावरण संरक्षण को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, औरैया :** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा संचालित 'जीवनधारा पौधारोपण अभियान' के तहत रविवार सुबह यमुना तट पर व्यापक पौधारोपण किया गया। अभियान के अंतर्गत पीपल, बरगद, अशोक, हरसिंगार, पकड़िया एवं चितवन जैसे लंबी आयु वाले पौधे लगाए गए तथा उनकी देखभाल की जिम्मेदारी यमुना मैया के सेवादारों को सौंपी गई।

समिति द्वारा 5 जून 2026 से 5100 पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ लगातार पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने बताया कि अभियान के माध्यम से लोगों को उनकी पसंद के पौधे भी निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग पर्यावरण संरक्षण से जुड़ सकें।

पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत यमुना तट स्थित राम झरोखा में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने की, जिसमें अभियान को और अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है और मानसून की देरी से जमीन में नमी की कमी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्य सार्वजनिक मंदिरों, पार्कों एवं मार्गों का निरीक्षण कर पौधारोपण के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर रहे हैं। मौसम में नमी बढ़ते ही व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। इस दौरान डॉ. आर्य प्रबुद्ध, विनोद कुमार पोरवाल, शिक्षक शिवम गुप्ता, हिमांशु दुबे, रुचिर अग्रवाल, सतीश, रामप्रसाद, अजय बाल्मीक सहित समिति के अनेक सदस्य एवं पर्यावरण प्रहरी मौजूद रहे।

## आपका राशिफल 29 जून

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक 2 4 5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक 5 6 9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक 3 5 7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

# मुख्यमंत्री की पहल से अयोध्या में 20.59 करोड़ से विकसित हो रहा आधुनिक यात्री निवास

### अयोध्या को जल्द मिलेगा 48 कमरों वाला आधुनिक यात्री निवास



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, अयोध्या :** रामनगरी अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक अत्याधुनिक यात्री निवास/मेला भवन का निर्माण तेज गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत वशिष्ठकुंड वार्ड के टेढ़ीबाजार क्षेत्र में वीआईपी रोड पर नजूल की भूमि पर 20.59 करोड़ रुपये की लागत से यह भव्य परिसर विकसित किया जा रहा है। नगर विकास विभाग की इस योजना को कार्यदाई संस्था अयोध्या विकास प्राधिकरण मूर्त रूप दे रहा है।वर्तमान में परियोजना की भौतिक प्रगति 58 प्रतिशत हो चुकी है। स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो गया है, जबकि ब्रिक वर्क, एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) और प्लास्टर का कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह यात्री निवास 48 कमरों वाला होगा जिसमें स्टैंडर्ड, डीलक्स और एक्जीक्यूटिव स्वीट्स शामिल होंगे।

इसके अलावा डॉर्मिटरी, रेस्टोरेंट, कंट्रोल कमांड रूम भी बनाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लैंडस्केपिंग, आकर्षक फसाद और आधुनिक इंटीरियर कार्य भी किए जा रहे हैं। मेला भवन का हिस्सा भी इसी परिसर में विकसित हो रहा है, जो बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

***कंट्रोल कमांड रूम से पूरे परिसर की निगरानी:*** यह परियोजना स्मार्ट सिटी योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां आने वाले लाखों श्रद्धालु और पर्यटक अब आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। कंट्रोल कमांड रूम से पूरे परिसर की निगरानी की जाएगी, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद उपयोगी होगा। रेस्टोरेंट में स्थानीय और शुद्ध सात्विक भोजन की व्यवस्था रहेगी।

***धार्मिक पर्यटन को मिलेगा नया आयाम:*** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप अयोध्या को न केवल आध्यात्मिक, बल्कि आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। राम मंदिर के दर्शन के बाद श्रद्धालु अब आरामदायक और सुविधाजनक आवास पा सकेंगे। यह यात्री निवास धार्मिक पर्यटन को नया आयाम देगा और अयोध्या को वैश्विक स्तर पर एक बेहतर पर्यटन गंतव्य बनाने में मदद करेगा।

***श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता : नगर आयुक्त***

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। यह परियोजना पूरी होने के बाद अयोध्या में ठहरने की सुविधाओं की कमी को काफी हद तक दूर कर देगी। स्मार्ट सिटी के तहत हो रहे अन्य विकास कार्यों के साथ यह भी अयोध्या की छवि को और निखारेगा। परियोजना स्थल पर सिविल कार्यों के साथ-साथ बिजली, प्लंबिंग और स्मार्ट सुविधाओं का कार्य भी समानांतर रूप से चल रहा है। अयोध्या में राम मंदिर, हनुमान गढ़ी, कनक भवन आदि स्थलों के साथ अब यह आधुनिक यात्री निवास भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा।

## सोनभद्र में 35 मगरमच्छ के बच्चे मिले, वन विभाग ने सोन नदी में छोड़ा



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया सोनभद्र :** घोरावल थाना क्षेत्र के सेमिया गांव में स्थित एक चेकडैम में रविवार की शाम तीन बजे 35 मगरमच्छ के बच्चे मिलने से हड़कंप मच गया। साथ ही वहां पर मगरमच्छ के पांच अंडे भी पाये गये है। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सभी मगरमच्छों को सोन नदी में सुरक्षित छोड़ दिया है।

वन क्षेत्राधिकारी जुगैल वन रेंज अवधेश कुमार सिंह ने बताया की सेमिया गांव के छितीरपुरवा में एक चेक डैम है जिसमें इस समय कम मात्रा में पानी मौजूद है। रविवार शाम ग्रामीणों ने पानी में मगरमच्छ के दो छोटे-छोटे बच्चे देखें, ग्रामीण जब पानी के पास गए तो और भी मगरमच्छ के बच्चे दिखाई दिए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग व 112 डायल पुलिस को दिया। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग के कर्मचारियों और पीआरबी पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कुल 35 मगरमच्छ के बच्चों को पकड़ कर बोरियों में भर लिया और पास में स्थित सोन नदी में छोड़ दिया। मौके पर मगरमच्छ के पांच अंडे भी पाये गये हैं। इस संबंध में जुगैल वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया की चेक डैम में कुछ नर और मादा मगरमच्छ प्रजनन के दौरान आए होंगे, जहां मादा मगरमच्छ ने अंडे दिया। समय पूरा होने पर अंडे से बच्चे निकलकर पानी में चले गए। मौके पर कोई वयस्क मगरमच्छ नहीं मिला है।

# शिक्षामित्र संघ की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया,गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की एक आवश्यक बैठक रविवार को पंत पार्क में आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम नगीना निषाद ने की, जबकि संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश कुमार ने किया। बैठक में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय और ऊर्जावान शिक्षामित्रों को जिम्मेदारी देने पर सहमति बनी। इसी क्रम में खोराबार ब्लॉक के शिक्षामित्र सुभाष को ब्लॉक अध्यक्ष तथा सीमा को महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

जिला अध्यक्ष राम नगीना निषाद ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत सभी शिक्षामित्रों से रसीद कटवाकर वास्तविक सदस्य संख्या का आकलन किया जाएगा। इससे संगठन के लिए एक कोष भी तैयार होगा, जो भविष्य की गतिविधियों में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों की समस्याओं को संगठन मजबूती से सरकार के समक्ष उठा रहा है और सरकार भी उन पर विचार कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिक्षामित्रों को भी भविष्य में शिक्षकों के समान सम्मान और सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही विभागीय टीईटी में शिक्षामित्रों को शामिल करने की मांग भी दोहराई। बैठक में बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों ने भाग लिया और संगठन की एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री की जनसभा में विधायक ने आलू निर्यात का मुद्दा उठाया



हाथरस, 28 जून (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस के सादाबाद के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक नाम प्रदीप कुमार सिंह उर्फ गुड्डू चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वर्ष 2029 में दिल्ली की गद्दी पर देखने की इच्छा जताई है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में रालोद विधायक ने अपने दिल की बात सार्वजनिक रूप से कही; इसके साथ ही उन्होंने अपने सादाबाद क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के सामने रखा।

विधायक ने जनसभा में उपस्थित लोगों से पूछा कि क्या वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वर्ष 2027 में फिर से मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे। इस पर भीड़ ने करतल ध्वनि से 'हां' में जवाब दिया। इसके बाद उन्होंने लोगों से यह भी पूछा कि क्या वे वर्ष 2029 के चुनाव में योगी आदित्यनाथ को दिल्ली की गद्दी पर बैठाने का काम करेंगे। इस सवाल पर भी भीड़ ने जोरदार तालियों के साथ 'हां' में उत्तर दिया और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर रालोद विधायक ने मुख्यमंत्री को अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विभिन्न मांगों को लेकर भी अनुरोध किया। विधायक गुड्डू चौधरी ने बिसावर के आईटीआई कॉलेज को शुरू कराने, क्षेत्र में पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना और सादाबाद में ट्रामा सेंटर बनवाए जाने की मांग रखी। इसके अलावा क्षेत्र के युवाओं के लिए स्टेडियम और किसानों के लिए आलू निर्यात व्यवस्था की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। यही नहीं विधायक ने करवन नदी किनारे मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर तथा राया तिराहे पर जाट शिरोमणि महाराजा सूरजमल तथा जैतई मोड पर चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा लगवाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हाथरस के दौरे पर रहे और उन्होंने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।